Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

स्वामित्व : अपेम फ्रेंड्स टीम

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 19-10- 2021 | अंक 31

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## न्यूज ब्रीफ

### टायर ब्लास्ट करने से अनियंत्रित होकर कार पलटी, एक घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर मोड़ के समीप टायर फटने से एक कार पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सुबह 9 बजे की है। एक बाइक सवार अपने बच्चे को शौच करवाने के लिए सड़क के किनारे बाइक खड़ा किया था। वही तेज गति से आ रही कार ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया, आपातकालीन ब्रेक लगाने के कारण कार का टायर ब्लास्ट कर गया । जिससे कार पलट गया । जिसमे एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल काशी राम पिता मने राम आजमगढ़ को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्प्ताल में भर्ती किया गया। जहाँ उनका प्राथमिक उपचार किया गया।



### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

पदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत डाटो निवासी जीतू रवानी उम्र 23 वर्ष पिता मदन राम एवं प्रदीप यादव पिता गोकुल यादव होरिया निवासी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दाऊजीनगर के समीप दोनों की बाइक आपस मे भिड़ंत हो गई।घायलों को तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप यादव को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## हजरत मुहम्मद साहब ने दुनिया को दिया अमन शांति एवं भाईचारगी का संदेश : मो कयूम

### मोहम्मदी ग्राउंड में ईद मिलादुन्ब्बी के अवसर पर जलसा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के अलगडिहा मोहम्मदी ग्राउंड में जश्ने ईद मिलादुन्नबी हाजी सजीदुल्ला साहब के सदारत एवं मुफ्ती इकबाल रजा के सरपरस्ती में जलसा का आयोजन किया गया। इस जलसा मे मोहम्मद साहब के इतिहास जीवनी के बारे में विस्तृत रूप में तकरीर के साथ नाथ भी पढ़ा गया । इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो0 कैयूम ने कहा कि आज उनका जन्म दिन है , जिन्होंने दुनियां में इंसानियत कायम किए है । तमाम बुराई को खत्म किया। हजरत मुहम्मद साहब ने दुनिया को कौमी एकता एवं अमन शांति का पैगाम दिया था। जिसके सहारे आज दुनिया मे आपसी भाईचारगी, एवम विश्व बंधुत्व का भाव जागृत हुआ है। विधायक प्रतिनिधी विनोद यादव एवं सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने भी अपना अपना विचार रखा।। संच. ालन हाफिज तैय्यब ने किया । इसके पहले कई गांवों में जुलूसे मुहम्मदी निकाला गया। जहां बच्चो ने कतारबद्ध होकर नाथ शरीफ के माध्यम हजरत पैगम्बर मुहम्मद साहब का संदेश को प्रसारित किया। मौके पर मो0 असलम, मौलाना हसनैन रजा, मौलाना सुलेमान, मो हसमत, हाफिज हाशिम, हाफिज अबुल हसन, मुखिया सकलदेव यादव ,जीप उमीदवार रामचन्द्र यादव ,,संजय यादव , जमीर अंसारी , बंधन यादव, मुनिलाल यादव, मुखिया दसरथ यादव, बिरजू प्रयाग यादव ,मंगलदेव यादव पासवान ,सदर अब्दुल कैयूम , रमजान अंसारी, मो0 अख्तर, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर स्वागत करते लोग



ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मौजूद लोग

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल की अंतर्कथा 03

### संसाधन रहने के बावजूद अनुमंडलीय अस्पताल में नही हो पा रही सिजेरियन प्रसव की व्यवस्था

### सिजेरियन लाभुक को कर दिया जाता है रेफर, गरीब लोगो को हो रही है आर्थिक क्षति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रितेश गुप्ता



बरही अनुमंडलीय अस्पताल की व्यवस्था इन दिनों चरमराने लगी है। कहने को तो अनुमंडलीय अस्प्ताल है लेकिन व्यवस्था के नाम पर केवल साधारण ओपीडी एवं नार्मल प्रसव होता है। लेकिन जब सिजेरियन प्रसव की बात आती है तो डॉक्टर्स एवं एएनएम अपना हाथ खड़ा कर देते हैं। गरीब लोग सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने आते हैं। नॉर्मल प्रसव तो हो जाता है। लेकिन जब सिजेरियन की बात आती है तो इसके लिए न तो कोई डॉक्टर रुचि लेते है और न ही अस्प्ताल प्रबंधन ही इसमे कोई पहल करता है। जिसके कारण सिजेरियन लाभुक को अनुमंडलीय अस्पताल में कोई सुविधा नही मिल पाता है। मजबूरन प्राइवेट अस्पताल का रुख करना पड़ता है। जहां उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को देखने को मिला। पटना रोड बरही की रहने वाली एक महिला को प्रसव के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। लेकिन उसका प्रसव नॉर्मल नही हो पाया। कहा गया कि सिजेरियन करना पड़ेगा। एएनएम द्वारा बताया गया कि सिजेरियन के लिए न तो सर्जन है और न ही संसाधन। जबकि गौरतलब है कि डॉ० आरके जायसवाल एवं अनुभा कुमारी के द्वारा सिजेरियन प्रसव कराया जाता रहा है। डॉ० आरके जयसवाल का स्थान्तरण हो गया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनके स्थान पर अब तक सर्जन की व्यवस्था नही की है। जिसके कारण गरीब लोगों को काफी फजीहत उठानी पड़ रही है। सिजेरियन प्रसव नही होने की बात सामने आने पर बरही भाजपा के युवा नेता रितेश गुप्ता अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और अस्पताल की लचर व्यवस्था के खिलाफ जमकर हंगामा किया। सिविल सर्जन से बात की । रितेश गुप्ता ने बताया कि बरही में पोस्टेड अधिकांश डॉक्टर्स मुख्यालय में नही रहते हैं। जिसके कारण रात में सिजेरियन एवं गंभीर रोगों का इलाज नही हो पाता है। कहा कि डीएस खुद नियमित अस्पताल में नही आते हैं। देख भाल ठीक से नही हो रहा है। दुर्घनाग्रस्त मरीजो को तत्काल रेफर कर दिया जाता है। जबकि ट्रॉमा सेंटर बना हुआ है। एक्सरे मशीन एवं ब्लड बैंक चालू नही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार नही होता है तो वे आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे।




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार   सहयोगी: सोनु पंडित, धनंजय कुमार   एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति   मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## हज़ारीबाग़ रोड में शांति सौहार्द एवं अकीदत के साथ मनाई गई ईद मिलादु नबी का त्योहार

### बच्चो ने निकाली जुलूसे मुहम्मदी, पढ़ी नाथ पाक

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



जुलूसे मुहम्मदी में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग

पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर बरही प्रखण्ड हज़ारीबाग़ रोड में ईद मिलादुन्नबी पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। . इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय की ओर से गांव में गाजे बाजे के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में मुस्लिम समुदाय के सैकड़ो लोग शामिल हुए।। जुलूस गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए ईदगाह में पहुंचा। जहां गांव के काजी व मौलाना ने तकरीर पेश की। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर पैगंबर साहब हजरत मुहम्मद के जन्मदिन की बधाई दी। वहीं जुलूस में भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। जुलूस में बच्चे और बच्चियां भी नाथे पाक से जुलूस को सफल किया ओर आखिर में पैगंबर साहब हजरत मुहम्मद के जन्म दिन पर फातिहा पढ़ कर सबो के लिए दुआ किया गया ओर फिर सिरनी तकसीम किया गया। हज़ारीबाग़ रोड बरही में निकल जुलूसे मुहम्मदी का नेतृत्व मौलाना जलील एवं मो मेराज हुसैन ने किया। इसमे मेराज हुसैन अंसारी, शोहेल हसन, मिस्टर अंसारी, सद्दाम खान, लालो खान, सेराज अंसारी, हसन खान, अल्ताफ़ खान, सोनू अंसारी,अरमान अंसारी, सना. उल्लाह अंसारी, रिजवान खान, समीर अंसारी, अरमान अम्बेडकर हुसैन अंसारी, मदरसा फैजान ए रसूल हज़ारीबाग़ चौक मुहल्ला के सारे लोग शामिल रहे।

## ईद-ए-मिलाद्-उन्-नबी के मौके पर पढ़ा गया नाथ-ऐ-पाक, गले मिलकर एक दूसरे को दी बधाई

### ईद-ए-मिलाद्-उन्-नबी की बधाई देने हेतु कार्यक्रम में शरीक हुए मुखिया प्रत्याशी सह भीम आर्मी बरही प्रखण्ड अध्यक्ष सूरज दास

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



ईद-ए-मिलाद्-उन्-नबी में शामिल समाजसेवी व मुस्लिम समुदाय के लोग

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको में ईद-ए-मिलाद्-उन्-नबी के मौके पर नन्हे-नन्हे बच्चों के द्वारा नाथ-ऐ-पाक पढ़ते पूरे गांव में भ्रमणकर एक-दूसरे से गले मिलकर खुशी मनाई गई। इस ईद-ए-मिलाद्-उन्-नबी के मौके पर मलकोको के मुखिया प्रत्याशी सह भीम आर्मी बरही प्रखण्ड अध्यक्ष सूरज दास ने एक-दूसरे से गले मिलकर सभी साथियों को मुबारकबाद दी और खुशनुमा पल में शरीक हुए। इस कार्यक्रम में मुखिया प्रत्याशी सह भीम आर्मी बरही प्रखण्ड अध्यक्ष सूरज दास, मौलाना हैदर सर, हाफिज अल्लाहुद्दीन, मौलाना खुर्शीद, अनवर अंसारी, उपमुखिया कुर्बान मियां, हाजी जहूर अंसारी, समाजसेवी संजय अंसारी, पारा. शिक्षक मुस्ताक अंसारी, समाजसेवी छतरु यादव, दिनेश दास, अजहरुद्दीन, सराज अंसारी, अब्दुल कलाम, हिदायत अंसारी, मेहबूब अंसारी, नसीम अंसारी, सैफ अली, मुर्शिद अंसारी, आबिद अंसारी, राजेश अंसारी समेत सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए।

## मलकोको में शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाया गया ईद-मिलाद उल नबी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



ईद-ए-मिलाद्-उन्-नबी में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग

बरही प्रखण्ड के मलकोको पंचायत में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मनाया गया विश्व शांति दिवस। कार्यक्रम में गावं के मदरसा आलिया मुरादिया व एम्बिशन अकादमी के तालीम ए इल्म व होनहार बच्चों के द्वारा जुलुश ए मोहम्मदिया शांति पूर्वक निकाला गया। तत्पश्चात मदरसा आलिया मुरादिया में जश्ने ईद क०न्फ्रेंस मनाया गया जिसमें मदरसा और एम्बिशन अकादमी के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आगाज हाफ़िज़ अल्लाउद्दीन केतिलावते कुरान से हुआ, मदरसा आलिया मुरादिया के प्रिंसिपल मौलाना गुलाम हैदर ने निकाबत करते हुए लोगों को समझाया कि आज ही के दिन बारह रबीउल अव्वल के दिन ही पैगम्बर हज़रत मोहम्मद सल्लाहु टाला अलैह वस्सलम का जन्म हुआ। पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के दुनिया में आने के बाद दुनिया की हर तरह की बुराई को मिटाया गया।उन्होंने ही सबसे पहले बेटियों को पढ़ने और बचाने की हुक्म दिए। जिससे आज पूरी दुनिया में लोग अपने बेटियों को बड़ी शानों सौकत के साथ पालते और तालीम देते हैं साथ ही बेटियों को पढ़ाना फक्र महसूस करते हैं। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि हमें हजरत मोहम्मद साहब के नक्से कदम पे चलना चाहिए।सभी लोगों से भाईचारगी सम्बंध में रहकर एक दूसरे के सुख दुःख में साथ देना चाहिए। क०न्फ्रेंस में मदरसा आलिया मुरादिया और एम्बिशन अकादमी के बच्चों ने नात खां और तकरीर भी किये।लोगों के हाथों तबर्रुक का भी वितरण हुआ। मौके पे मौलाना गुलाम हैदर रिजवी, हाफिज अल्ला. उद्दीन, हाफ़िज़ महबूब आलम, मुखिया प्रत्याशी अब्दुल अंसारी उर्फ संजय, जहुर अंसारी, एम्बिशन एकेडमी के संच. ालक अज़हरुद्दीन,उप मुखिया कुरबान मियां, पंचायत समिति सदस्य सुलेमान अंसारी,अस्मिद मियां, नसीम अंसारी,सैफ़ अली, मुस्ताक अंसारी, अनवर अंसारी, फ़िरोज़ निज़ामी, ता. जबुल अंसारी, अब्दुल कलाम, मुर्शिद अंसारी गांव के बच्चें एवं गाँव के सभी ग्रामीण शामिल थे।

## बरसोत में शांति सौहार्द एवं कौमी एकता के साथ मनाई गई ईद मिलाद-उल-नबी का त्योहार

### बच्चो ने निकली जुलूसे मुहम्मदी, पढ़ी नाथ पाक, अन्य धर्म के लोग भी हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



जुलूसे मुहम्मदी में शामिल मुस्लिम समुदाय एवं अन्य लोग

पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर बरही प्रखड के बरसोत में ईद मिलादुन्नबी पर्व शांति सौहार्द एवं कोविड गाइड लाइन के तहत मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय की ओर से गांव में गाजे बाजे के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में मुस्लिम समुदाय सहित अन्य समुदाय के सैकड़ो लोग शामिल हुए।। जुलूस गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए ईदगाह में पहुंचा। जहां गांव के काजी व मौलाना ने तकरीर पेश की। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर पैगंबर साहब हजरत मुहम्मद के जन्मदिन की बधाई दी। वहीं जुलूस में भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। जुलूस में बच्चे और बच्चियां भी नाथे पाक से जुलूस को सफल किया ओर आखिर में पैग. बर साहब हजरत मुहम्मद के जन्म दिन पर फातिहा पढ़ कर सबो के लिए दुआ किया गया ओर फिर सिरनी तकसीम किया गया। मौके पर मोतीलाल चौधरी, बरसोत प्रधान प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो, घनश्याम कुमार ,अंजुमन कमेटी से सलीम खान, सदर अनवर खलीफा ,गुड्डू खान ,आमिर खान ,रजाक खान, गोल्डन खलीफ, युवा नेता फिरदोस खान ,राकेश रजक, झम्मन साव ,फरमान, सौरभ ,गुलाब, अरबाज ,समीर, बबलू ,खलीफा ,साबिर, हफीज खान ,नसीम राजू खान, कलीम खान, राम प्रसाद कुशवाहा ,दामोदर महतो, विजय कुशवाहा, आलोदिन खलीफा ,सरफुद्दीन खलीफा ,इमरान खान, बाबर खान, राजा खान, शाहिद खान, महिला मोर्चा में मुस्तरी खातून, शहबाज खान, कासिम खान सहित कई लोग शामिल रहे।

## पंचमाधव के ग्रामीणों के साथ समाजसेवी ने किया बैठक, ग्रामीणों ने बताई अपनी समस्या

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




बैठक में शामिल ग्रामीण एवं रामचन्द्र यादव

बरही मध्य भाग के भावी जीप प्रत्याशी बिमला देवी के प्रतिनिधि समाजसेवी रामचंद्र यादव ने मंगलवार को पंचमाधव में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक कर ग्रामीणों को अपनी विजन से अवगत कराया। रामचंद्र यादव ने कहा कि हम सेवक बनकर आपलोगो की सेवा करना चाहते हैं। मौके पर अब तक के निर्वाचित जीप सदस्यों के प्रति नाराजगी दिखी। ग्रामीणों ने कहा कि हमलोग इस बार अपना जीप सदस्य के रूप में नया चेहरा देखना चाहते हैं। कहा कि हमलोग को अब तक केवल आश्वासन ही मिलता रहा। कोई काम नही हुआ। जो भी काम हुआ वह केवल मुखिया के द्वारा ही किया गया है। रामचन्द्र यादव ने कहा कि इस बार जनता समर्थन करें , कभी विश्वास टूटने नही देंगे। पंचमाधव की जनता ने विमला देवी को भरोसा दिया की त्रिस्तरीय जिला परिषद भाग 2 से भारी मतों से विजय बनाएंगे। भरोसा दिलाया की समय आने पर हम सभी ग्रामीण जनता भारी मतों से विजय बनाने का काम करेंगे और हम लोग जिला परिषद सीट को नया चेहरा के रूप में उभरता हुआ चेहरा के रूप में देखना चाहते हैं। 5 साल की कार्यशैली पर वहां की जनता ने आक्रोश व्यक्त किया।

## सादगी से मना ईद मिलाद-उन नबी

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



मिलाद -उन नबी में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग

चलकुशा. प्रखंड में ईद मिलाद -उन नबी सादगी से मनाया गया. सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा आदि नारो से पुरा प्रखंड गूंज उठा. लोग अपने घरों, मोहल्लो को आकर्षक ढंग से सजाया थे. मसकेडीह, बरियौन, कटघरा, रागडीह, पलमा, दुमदुमा, रागडीह, हुसैन नगर, केंदुआ, हुसैन नगर चौबे, बरकात नगर चौबे , सलैयडीह समेत प्रखंड सभी गावों में जश्ने ईद मिलाद उन नबी मनाया गया. नात पढते हुए इस्लामिक झंडे का लहराया गया. लोग सुबह से ही घर, गली, मोहल्ले, चौक-चौराहे में फातिहा-खानी किये तथा देश में शांति की दुआ मांगी गई.

अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें

9122222016 , 9550809864 , 9431129570

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

दिनांकः 19-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## पेट्रोल एवं डीजल की मूल्य वृद्धि की बढ़ोतरी पर लोगों ने जताई नाराजगी

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

केंद्र सरकार के द्वारा पेट्रोल डीजल रसोई गैस की मूल्य वृद्धि को लेकर प्रबुद्ध ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की है रा. जधानी वस्त्रालय के प्रोपराइटर मनोज गुप्ता ने कहा कि पेट्रोल डीजल की मूल्य वृद्धि का असर आम ग्रामीणों में देखी जा रही है खानपान चीजों एवं घरेलू सामानों में वृद्धि देखी जा रही है लोग काफी परेशान हो रहे हैं किन सरकार को इस और विशेष ध्यान रखते हुए मूल्य वृद्धि को हटाने की जरूरत है।समाजसेवी नकुल महतो ने कहा कि डीजल पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी होने से आम किसान लोगों को भारी परेशानी हो रही है खेती में पटवन के लिए काफी पैसे लग रहे हैं लोगों को मजदूरी भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। लोक जनशक्ति पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रवेश आलम ने कहा कि यह सरकार की कार्यशैली से ग्रामीण परेशान हैं सरकार को लचीलापन दिखाना चाहिए ताकि सरकार के ऊपर लोगों का विश्वास बना रहे परंतु डीजल पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी होने उसके प्रभाव से ग्रामीण काफी परेशान हैं।



परवेज आलम



मनोज गुप्ता



नकुल महतो

## जीप उम्मीदवार प्रमोद सिंह ने मनोज सिंह का समर्थन करने का किया एलान

### जनसम्पर्क कर ग्रामीणों को बताया अपना विजन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चुनावी सरगर्मी के बीच जिला परिसद सदस्य भाग 2 के उम्मीदवार सह भाजपा प्रदेश कोर कमिटी सदस्य मनोज सिंह ने मंगलवार को निर्वाचन क्षेत्र के मानगढ़ पंचायत के विभिन्न ग्राम के लोहड़ी कलां, कोइल. ीकलां, प्रजापत नगर, मानगढ़, ठूठी, बेलखारा, हरिजनटोला में दौरा कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान सबसे बड़ी बात रही कि बनऊं निवासी प्रमोद सिंह ने अपना समर्थन जिला परिषद उम्मीदवार मनोज सिंह को देने का एलान किया साथ क्षेत्र भ्रमण में साथ रहे। इस दौरान मनोज सिंह कई जगहों पर जीप उम्मीदवार मनोज सिंह का लोगों ने जर्मजोशी के साथ स्वागत किया।सभा को सम्बोधित करते हुए जीप उम्मीदवार ने कहा कि मैं यहां कमाने नहीं बल्कि अपनी माटी का कर्ज उतारने आया हूँ। एक बार मौका दें आपके विश्वास को टूटने नहीं दूँगा। उन्होंने आगे कहा कि जन सम्पर्क के दौरान हमें सभी वर्गो का स्नेह और समर्थन का सहयोग मिल रहा है। लोगों के प्यार और स्नेह से अंगीभूत हूँ। जनसम्पर्क के दौरान उपेंद्र प्रजापति, पूर्व उप मुखिया मानगढ़ तेज नारायण प्रजापति, दिनेश्वर प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, संजय पांडे, अजय पांडे, देवधारी दांगी, लक्ष्मी प्रसाद, कुशवाहा, संटू सिंह, पूर्व सी डी अ०फिसर देवेंद्र सिंह अशोक भुइयां, संगीता देवी, प्रेम लता देवी, मुहम्मद आबिद, सेराज अंसारी, अलीमुद्दीन खान, इसराइल अंसारी, मुहम्मद फारुक, नासीर अंसारी, प्रभु सिंह, रमन सिंह , देवेंद्र यादव पंचायत समिति सदस्य, सकलदेव भुइयां, बलराम पांडे, ओम पांडे, सूरज साव, महरू साव, सिकंदर मेहता आदि उपस्थित थे ।



जनसम्पर्क करते मनोज कुमार सिंह

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---20.10.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन सौम्यगोलेरू
ऋतुः--शरद
माहः---अश्विन
पक्षः--शुक्ल पक्ष
तिथिः---पूर्णिमा तिथि
दिनः---बुधवार
नक्षत्रः---रेवती नक्षत्र दिन 02:30 मिनट तक उपरांत अश्विनी नक्षत्र
योगः--हर्षण
करणः---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:19
सूर्यास्त : संध्या 05:41
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---कुम्भ राशि में दोपहर 02:30 तक उपरांत मेष राशि में
आज का राहूकाल दिनः---12:00 बजे से दिनः---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः--दोपहर 11:36 से 12:24 तक
नोटः--दिनांक 15-10-2021 के रात्रि 12:23 से दिनांक 20-10-2021 के दिन 02:30 तक में पंचक रहेगा।
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज स्नान दान की पूर्णिमा होगी।



आलेखः---
संदीप शर्मा
वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## पंचमाधव पंचायत से मुखिया पद के लिए चमेली देवी ने पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही क्श्रेत्र अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के जरहिया निवासी समा. जसेवी सुरेश कुमार यादव की पत्नि चमेली देवी ने मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश कर दी है। साथ ही साथ उन्होंने अपने पंचायतवासीयों से अपील किया की एक बार मुझे सहयोग करे ताकि मैं अपने पंचायत का समग्र विकाश कर सकुं।



चमेली देवी

APEM
LIVE

## बरही पश्चिमी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य के उम्मीदवार होंगे कपिल प्रसाद केशरी, मांगा आशीर्वाद

### खेल को बढ़ावा, महिला सशक्तिकरण पर जोर एवं रोजगार की व्यवस्था रहेगी प्राथमिकता : कपिल केशरी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

अपेम मुख्य संरक्षक एवं व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी होंगे बरही पश्चिमी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य के उम्मीदवार। उन्होंने शरद पूर्णिमा के अवसर पर अपनी उम्मीदवारी पेश करते हुए कहा कि बरही पश्चिमी पंचायत से पंचायत समिति सदस्य बनकर प्रमुख के माध्यम से जनता का सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने बरही पश्चमी पंचायत की जनता से अपील किया है कि उन्हें एक बार अपना समर्थन दें। बरही पश्चिमी पंचायत सहित सम्पूर्ण बरही में विकास का नई अध्याय जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज भी बरही में गरीबो को संही मायने में न्याय नही मिल रहा है। लोग भ्र्ष्ट व्यवस्था के चंगुल में फंस चुके है। जिसके वजह से उन्हें न्याय नही मिल पाता है। हम न्याय दिलाने के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि एक बार पहले भी बरही पश्चिमी पंचायत की जनता का प्यार और आशीर्वाद मिला है। इस बार पूर्ण सहयोग की उम्मीद है। उन्होंने अपना विजन की जानकारी देते हुए कहा कि युवाओं को खेल और खिलाड़ियों के प्रति बढ़ावा, महिला पर जोर, रोजगार परक तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था, बरही चौक का सुंदरीकरण एवं भ्रस्टाचार मुक्त कार्यालयीय वातावरण का निर्माण प्राथमिकता रहेगी।



कपिल केशरी




अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864

कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी,
कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



निवेदिका :- कैशर प्रवीण

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

## राकेश रंजन ने किया शंखनाद, जिला परिषद भाग एक से होंगे मजबूत उम्मीदवार

### पराजय के बाद भी जनता से जुड़ा रहा, सबका मिलेगा सहयोग : राकेश

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

जिला परिषद भाग एक का सीट इस बार अनुसूचित जाति अन्य किया गया है। पिछले बार के अपेक्षा इस बार ज्यादा टशन देखने को मिलेगा। भाग एक मे पिछले बार नजदीकी अंतर से पराजय का सामने करने वाली मनीषा देवी के देवर उर्फ युवा समाजसेवी रा. जेश रंजन इस बार के चुनाव में मजबूत उम्मीदवार के रूप में अपनी दावेदारी पेश कर, चुनावी शंखनाद किया। दैनिक आवाज पत्रकार से वार्ता करते हुए राकेश रंजन बताया कि पिछला चुनाव मामूली अंतर से हमारी भाभी पराजय हुई थी लेकिन हमलोगों ने मैदान नही छोड़ा और पांच वर्षो



राकेश रंजन

तक जनता के सुखदुःख का साथी बना रहा। कहा हमारे उम्मीदवारी के घोषणा से युवाओ में उत्साह का माहौल है, सभी वर्गो, सभी जाति समुदाय आदि का मिलेगा भरपर सहयोग। राकेश रंजन ने वर्तमान जीप सदस्या पर आरोप लगाते हुए कहा कि विकास तो छोड़िए महोदया ने जनता से मिलना तक पसंद नही किया। आज वर्तमान जीप सदस्य के प्रति आक्रोश है। मूल रूप से झापा पंचायत के सवैया के रहने वाले राकेश रंजन ने बताया जनता इस बार परिवर्तन के मूड में है और माहौल हमारे पक्ष में है। कहा जनता एक बार हमें अगर मौका देती है तो जिला परिषद भाग एक के क्षेत्र में आने वाले सभी पंचायतो को आदर्श पंचायत बनाने का हर सम्भव प्रयाश करूँगा। कहा पंचायत वासियो के मान सम्मान में कोई कमी नही आने दूंगा व विकास की नई गाथा लिखूंगा।

## जनता के सहयोग से उतर रही चुनाव मैदान

## सहयोग रहा तो गांव टोला के समास्याओं दूर करने का प्रयास : अरविन्द टुडू

**अपेम लाइवः चुरचु**
**अरविन्द टुडु**

चुरचू प्रखण्ड के चनारो पंचायत अंतर्गत गांव बिनकरवा निवासी सुनीता मुर्मू पति सुनील टुडू ने चनारो पंचायत के लिए पंचायत समिति (सरपंच) पद पर खारे चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग और समर्थन से मैं सरपंच पद



के उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतरूंगी, साथ ही उन्होंने कहा कि जनता मुझे सेवा करने का मौका दिया तो मैं लोगों के बीच रहकर उनके समास्याओं के प्रति बेझिझक काम करूंगी। वही उनके सुपुत्र (पत्रकार) अर. विन्द टुडू ने कहा कि लोगों का सहयोग रहा तो गांव व टोला के समास्याओं को दूर करने का प्रयासरत हमेशा रहेंगे।




## जसने ईद मिलादुन्नबी चरही बरगहियां में धुम धाम से मनाया गया

**अपेम लाइवः चुरचु**
**अरविन्द टुडु**

चुरचू प्रखण्ड के चरही कोयलांचल क्षेत्र के बरगहियां सहित विभिन्न जगहों मे रबी ऊल अव्वल शरीफ 1443 हिजरी का चांद का 12 तारीख को बतौर 12 रबी ऊल अव्वल शरीफ यानी जशने ईद मिलादुन्नबी धुमधाम मनाया गया। मोहम्मद मुस्तफा सल्लाहो आलैहे वा सल्लम के जन्म दिन के मौके पर मनाया जाता है। शहरो और कस्बों में खुब झंडे और फुल माला से सजाया गया मस्जिदों और मद. रसों को सजाकर जूलूसे मुहम्मदया निकाला गया मुस्तफा का आमद मरहब्बा नारों के साथ पुरा शहर व गलियां गुंजा साथ ही जमा मस्जिद हरहद का ईमाम मौलाना गुलाम मुर्तजा इस्लाम बेकश अशर्फी बोक. ारवी दुआओं में अपने देश के लोगों के लिए अमन व चौन की दुआ किया गया कोरोना जैसे बिमारी से अपने देश में रह रहे सभी लोगों



मिलाद -उन नबी में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग

को अच्छा से रहने की खुदा से दुआ किया गया इस क्रम में उपस्थित हरहद कमिटी के सदर अमजद अंसारी, सचिव जमाल अंसारी, इन्दरा कमिटी से सदर जमाल इन्दरा मुखिया दशरथ महतो, जरबा कमिटी का आरटीआई कार्यकर्ता शमशेर आलम, सदर रूस्तम खान, शयान अनीस, इम्तियाज अंसारी, दासोखाप कमिटी का सदर इसक अंसारी, सचिव इम्तियाज अंसारी, हैदर अली, बसाडी कमिटी से सदर महबूब अंसारी, सचिव एकरामुल अंसारी, चरही, कजरी, पिपरा, हेंदेगढा, फुसरी, प्रेम नगर, चुरचू, बोथरा सहीत सभी जगहों का अध्यक्ष सचिव एवं गांव के सैंकड़ों की संख्या में शामिल हुए।

## पुलिस ने बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे चार अपराधी गिरफ्तार

### अपराधियों के पास से दो देशी कट्टा , जिंदा कारतूस बरामद कार, मोटरसाइकिल जब्त

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

रात्रि में वरीय पदाधिकारी द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कनहरी के पास बिहार के कुख्यात अपराधकर्मी हथियार से लैस होकर कनहरी हिल के पास किसी बड़े घटना को अंजाम देने की योजना बनाने के लिए एकत्रित होकर मीटिंग कर रहे हैं । उक्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी के द्वारा छापेमारी टीम का गठन किया गया । उक्त छापेमारी दल के साथ सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु कोर्रा थाना से प्रस्थान कर कनहरी हिल के पास छभ33 पर बने मूल के पुरव जंगल में पहुंचा तो देखा कि पूल के पुरब से 06-07 अपराधकर्मी बैठकर लूट पाट की योजना बना रहे हैं , इस पर छापामारी दल के साथ घेराबंदी करने लगे तो पुलिस बल को देखकर सभी अपराधकर्मी इधर उधर भागने लगे ।जिस पर पुलिस बल के सहयोग से 04 अपराधकर्मियों को अवैध पिस्तौल गोली , मोबाइल , कार एवं बुलेट मोटरसाइकिल के



गिरफ्तार किए गये अपराधी



जब्ज किए गये जिन्दा कारतुस व देशी कट्ा

साथ रंगे हाथ पकड़ा गया तथा दो तीन अपराधकर्मी पुलिस को चकमा देकर भाग गए।

## सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवक की मौत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**मानव राज सिंह**

गोरहर थाना क्षेत्र गोरहर गांव के निकट नदी पुल के समीप रोड पर बने ब्रेकर के पास एक ट्रक ने बाइक पर सवार दो व्यक्ति को टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों व्यक्ति की मौत मौके पर ही हो गई। बाइक सवार बगोदर से वापस कपका,बरकट्ठा लौटने के क्रम में दुर्घटना हुई। हादसा करीब साढ़े छह बजे शाम की है। ट्रक चालक ने ने गाड़ी खड़ी कर फरार हो गया। पुलिस घट्नास्थल पर पहुंच कर ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं मृतकों के मोबाइल फोन टूट गया। पुलिस ने किसी तरह परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।



बताया जाता है कि दोनों मृतक बरकट्ठा थाना क्षेत्र के कपका निवासी है। मृतकों में एक मितेश कुमार (20) और दूसरा सरफराज (20) के रूप में बताया जा रहा है।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार    एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## हाथियों के आवागमन से जंगली क्षेत्रों में खलबली, एक घर किया ध्वस्त

**अपेम लाइव :चौपारण**
**धीरज प्रजापति**


हाथियों के उत्पाद से क्षतिग्रस्त मकान

सतगावां थाना क्षेत्र के कोठीयार पंचायत के नावाडीह जंगल में सोमवार की रात्रि हाथियों की झुंड को देख खलबली मच गई है। सूचना पर वन विभाग के रेजर सुरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में वन विभाग के डोमचांच वन क्षेत्र पदाधिकारी रविन्द्र कुमार, वनरक्षी अनिल कुमार, देव नरायण, पिंटू पंडित आदि के द्धारा हाथियों पर नियंत्रण रखने के लिए पटाखे छोड़ा गया ताकि हाथी गांव में ना घुस सके। मौके पर रेजर सुरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि हाथियों की झुण्ड सपही, जानपुर से कोठीयार पंचायत के नावाडीह गांव के बरमशीया टोला पहुंचकर सोधन राय पिता स्व माहो राय का ईट का खपडैल मकान को ध्वस्त कर घर मे रखें गेहूं, चावल मकई ,आटा, उरीद, कपडे, बीछावन ,डीजल इंजन, थाली, लोटा, गिलास, हडीया, कठौती, बाल्टी आदि सामाग्री को पूरी तरह नष्ट कर दिया और आनाज खा गया तथा खेतों में लगे धान को भी खा गया। हाथियों की संख्या लगभग 9 बताई जा रही हैं।हाथियों को नियंत्रण करने के लिए पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा की टीम बुलाई गई है। वन विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा लगातार ग्रामीणों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। ताकि हाथी से ग्रामीणों को किसी प्रकार का नुकसान ना हो। साथ ही ग्रामीणों से घर मे रखें महुआ को बाहर निकाल देने की सलाह दी गई है। क्योंकि महुआ की धमक हाथियों को ज्यादा लगती हैं।स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि दूर्गा राय व ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार की सुबह सतगावां के कनीकेंद्र, कोठियार जंगल के रास्ते होते हुए बरमसिया जंगल के रास्ते में 8 से 10 की संख्या में हाथी का झुंड चल रहा है। वन विभाग व ग्रामीणों के द्वारा जंगल के क्षेत्रों में पटाखे फोड कर हाथियों पर नियंत्रण रखने के लिए प्रयास किया जा रहा है। सोमवार की सुबह पेलनी जंगल की ओर हाथियों के पैर का निशान मिला है। उम्मीद जताई जा रही हैं कि सोमवार की संध्या ग्राम पेलनी, भुलाडीह ,खिरीकला,भुलाडीह मो. हनरिया ,आगांर, दोनैया ,पेट्रो जलप्रपात क्षेत्र की ओर हाथियों की झुण्ड जाने की संभावना है। वन विभाग के लोगों ने ग्रामीणों को जंगली क्षेत्रों में जाने से मना की है।हाथियों के आवागमन से क्षेत्र में खलबली मच गई है।लोग भयभीत है।समाचार लिखे जाने तक हाथियों की झुण्ड जंगल में ही रहने की बात बताई जा रही हैं।

## करगली खूर्द पंचायत में कौमी एकता के संदेश के साथ निकाला गया ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

### ग्राम भ्रमण कर बच्चो ने पढ़ी नाथे पाक

**अपेम लाइव : धनवार**
**गिरिडीह**
**मो शाहिद अंसारी**


जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग

कारगली खुर्द ईदगाह में मुस्लिम समुदाय की ओर से पैगंबर साहब हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर गिरिडीह जिले के धनवार प्रखंड के पंचायत करगलिखुर्द ईदगाह में ईद मिलादुन्नबी पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। . इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय की ओर से गांव में बैंड-बाजों के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निक. ाला गया। जुलूस में पंचायत के ग्रामीण समुदाय के हजारों लोग शामिल हुए।। जुलूस गांव के विभिन्न मार्गो से करगलिखुर्द ईदगाह में पहुंचा। जहां गांव के काजी मंसूर फरीदी साहब ने तकरीर पेश की। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर पैगंबर साहब हजरत मुहम्मद के जन्मदिन की बधाई दी. वहीं जुलूस में भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। जुलूस में बच्चे और बच्चियां भी नाथे पाक से जुलूस को सफल किया ओर आखिर में पैगंबर साहब हजरत मुहम्मद के जन्म दिन पर फातिहा पढ़ कर सबो के लिए दुआ किया गया ओर फिर सिरनी तकसीम किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पंचातय के पूर्व मुखिया मो असगर अंसारी , शाहिद अंसारी, मौलाना इरशाद आलम, जहांगीर आलम, जबर आलम , मुख्तार आलम, सगीर खान, मेराज खान, हदीश मियां, अनवर अंसारी, फिरोज अंसारी , मो मकसूद आलम सहित करगलीखुर्द, जटहा, बैजूडीह, खुशमय ओर दोनाटंड के ग्रामीण एवं ओलमा और सभी समुदाय के हजारों लोग शामिल थे ।

## टाटीझरिया में जिला परिषद सदस्य की कुर्सी बनी हॉट सीट, दावेदारों के बीच होगी कांटे की टक्कर

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**




टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी जोर पकड लिया है। खासकर जिला परिषद सदस्य सीट पर लडने वाले उम्मीदवारों ने तैयारी शुरू कर दिया है। जिला परिषद चुनाव में क्षेत्र का विस्तार वृहद होता है। यही वजह है कि भावी प्रत्याशी क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। सुबह से ही प्रचार पर निकल रहे दावेदार देर शाम घर लौट रहे हैं। बेशक इस चुनाव में कई दिग्गजों की साख दांव पर होगा तो वहीं अनारक्षित होने के कारण जिप सदस्य का चुनाव अधिक रोचक हो गया है। दावेदारों के बीच कड़े मुकाबले के आसार हैं। जिप सदस्य का चुनाव प्रखंड के 8 पंचायत के सभी 97 बूथों पर होना है।

**प्रखंड की अनारक्षित जिप सदस्य की एकमात्र सीट ने चुनाव को बनाया दिलचस्प**

टाटीझरिया प्रखंड का आठ पंचायत का एकमात्र जिला परिषद सदस्य का सीट अनारक्षित होने के कारण अधिक रोचक बन गया है। इस कुर्सी के लिए कई दिग्गज नेता मैदान में उतरने के लिए अपना कमर कस चुके हैं। कुर्सी को पाने के लिए भावी प्रत्याशियों की तैयारी जोरशोर से चल रही है। इसमें धरमपुर पंचायत से तीन वरिष्ठ नेताओं की दावेदारी अभी तक सामने आई है। इसमें पिछले चुनाव में 3614 वोट लाकर विजयी हुए रवि कुमार सिंह, 2341 वोट लाकर तीसरे स्थान में रहे मिथिलेश कुमार पाठक और पहली बार चुनाव लडने मैदान में आने के लिए तैयार वरिष्ठ नेता सुरेंद्र प्रसाद यादव का नाम शामिल है। ये सभी समीकरण बनाने की तैयारी अभी से ही शुरू भी कर दिया है। वहीं पिछली बार 2474 वोट लाने वाले बेडम पंचायत निवासी स्व अर्जुन महतो की जगह युवा नेता लालमोहन कुमार महतो की तैयारी जोरदार है। यह भी पहली बार मैदान में हैं। भराजो पंचायत से मुखिया रामप्रसाद कुशवाहा इसबार जिला परिषद सदस्य की सीट से चुनाव लडकर विपक्षियों को कडी टक्कर देने के लिए तैयार हैं। पिछले बार लगभग हजार वोट लाने वाले गंगाधर मिश्रा चुनाव लडने को लेकर काफी उत. साहित नजर आ रहे हैं। इसके अलावा भी कई उम्मीदवार जिप सदस्य के लिए अपनी दावेदारी पेश करने में लगे हुए हैं। भावी प्रत्याशी क्षेत्र में सक्रिय हो चुके हैं। वहीं कई शीर्ष ने. ताओं की भी नजर इस कुर्सी पर अपने नजदीकियों को लाने की होगी। अब कौन कितना सफल होगा यह वक्त का तकाजा है।

APEM LIVE

## टाटीझरिया प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया ईद-ए-मिलादुन्नबी का त्यौहार

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**


जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग

टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में ईद-ए-मिलादुन्नबी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिन के रूप में मंगलवार को ईद-ए-मिलादुन्नबी का त्यौहार मनाया। इस मौके पर बांडीह, अमनारी, घुघलिया, केसड़ा, बौधा, मायापुर, खैरिका, झरपो समेत अन्य गांव में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने निसान के साथ जुलुस निकाला। जुलुस में बच्चे हाथों में निशान लिए हुए थे और इस्लाम जिंदाबाद के नारे के साथ वे घूम रहे थे। जुलुस में बुजुर्ग और नवयुवक भी काफी उत्साह में थे।जुलुस में मोहम्मद इस्माइल, क्यूम अंसारी, सिराज अंसारी, अनवर अली, मुमताज, मुस्तफा, मुबारक अंसारी, अजीज अंसारी, अनवर, सुभान अंसारी, खलील मियां, यूनुस अंसारी, रफीक मिया, अजीज मियां, मोईन मियां, रियासत अली, अकबर अली, सब्बीर मियां, सादिक मियां, सफीक मिया, रियाज़ अंसारी, मिन्हाज अंसारी शामिल थे। बताते चलें कि यह जश्न पैगम्बर मुहम्मद यानि मुहम्मद इब्न अब्द. ुल्लाह इब्न अब्दुल मुत्त. लिब का जन्म दिन पर मनाया गया।उनका जन्म सन 570 ईस्वी में हुआ था। उन्होंने इस्लाम धर्म का प्रवर्तन किया था। उनका जन्म सऊदी अरब के मक्का में हुआ था। इनकी मृत्यु 8 जून 632 ईस्वी को मदीना में हुई। पैगम्बर साहब की जीवन साथी म्युमा बिन्त ऊल हरिथ थी। उनके बच्चों में फातिमा बिन्त, मुहम्मद थे।

## विष्णुगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-ए-मिलाद

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग

विष्णुगढ़ प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में मंगलवार को पैग. म्बर मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइस के मौके पर नवादा, चेडरा, गाल्होबार, बनासो, किरतोडीह, सारूकुदर समेत विभिन्न क्षेत्रों में जुलूस-ए-मो. हम्मदी निकाला गया। सरकार की आमद मरहबा, पत्ती पत्ती फूल फूल या रसूल या रासुर जैसे नारों से लोग अपनी अकीदत का इजहार किया। वहीं, नवादा में 12 रबी उल अव्वल के मौके पर सादगी के साथ त्यौहार को मनाया गया। लोगों ने अपने अपने घरों में नियाज फातिहा किया। अपने अपने मोहल्ले में अकीद. तमंदों ने गश्ती किया। अंतिम में मदरसा मिस्बा. हुल उलूम नवादा में जाकर सलातो सलाम पढ़ा गया। गैड़ा में निकाले गए जुलूस में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, झाम. ुमो मीडिया प्रभारी माहताब हुसैन, शेख कयूम, अब्बास अंसारी, महमूद आलम, रफीक अंसारी, जलील अंसारी, नोमान अंसारी, राणा इकबाल खान, शमशुल खान, नोमान अख्तर, नसरुल्ला अंसारी, शौकत अंसारी, मनौवर अंसारी, शरीफ अंसारी, तूफानी अंसारी, वाहिद, शेख कल्लू शेख समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।




आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं।
संपर्क-9431129570

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

## हजरत मोहम्मद का जन्म दिन व मिलादुन्नबी शांतिपूर्ण संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग

ईद मिलाद उन नबी इस्लाम धर्म के हजरत मो. हम्मद का जन्म दिन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 अक्टूबर को मनाया गया।गांव टोला,गलि मोहल्ला,चौक चौराहों को बैनर पोस्टर एवं फुलझड़ियों से दुल्हन की तरह सजाया गया। क्या है इतिहास – 571 ईस्वी को शहर मक्का में पैगंबर साहब हजरत मो. हम्मद का जन्म हुआ था।जिसकी याद में ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया जाता है।हजरत मोहम्मद ने ही इस्लाम धर्म की स्थापना की है।मुसलमान पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्म की खुशी में ईद ए मिलाद उन नबी मनाते हैं।सुन्नी मुसलमान इस दिन हजरत मोहम्मद के पवित्र वचनों को पढ़ते हैं और याद करते हैं। मक्का की पहाड़ी की गुफा,जिसे गार–ए– हीराह कहते है वहीं पर अल्लाह ने फरिश्तों के सरदार जिब्राइल के मार्फत पवित्र संदेश सुनाया।अल्लाह की प्रार्थना पर बल दिया,लोगों को पाक साफ रहने के नियम बताएं। जानमाल की सुरक्षा के लिए भी इस्लामिक तरीके लोगों तक पहुंचाएं। अल्लाह के पवित्र संदेश को लोगों तक पहुंचाया। पवित्र संदेश के प्रचार के कारण मक्का के तथाकथित धार्मिक और सामाजिक व्यवस्थापकों को वह पसंद नहीं आया। 622 में अपने अनुयायियों के साथ मक्का से मदीना के लिए कूच किए। 630 में पैगंबर साहब ने अपने अनुयायियों के साथ कुफफार ए मक्का के साथ जंग की, जिसमें अल्लाह ने गैब से अल्लाह और उसके रसूल की मदद फरमाई। इस जंग में इस्लाम के मानने वालों की फतह हुई।इस जंग को जंग–ए–बदर कहते हैं। 632 ईसवी में हजरत मो. हम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने दुनिया से पर्दा कर लिया।और आज पूरी दुनिया में उसके बताए मार्गों पर चलने को कहा।

**प्रखंड में कहां–कहां मनाया गया ईद मिलादुन्नबी**

बड़कागांव, महुदी ,कनोदा, मिर्जापुर , चौपदार बलिया ,नापो ,उरीमारी ,बादम, रूद्दी, हाहे, महुँगाई ,अलगडिहा, चंदौल, सिरमा, सिकरी ,चेपाखुर्द, डाड़ीकला, सिंदुआरी ,पिपराडीह आदि गांवों में धूमधाम से मनाया गया।वहीं शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की चौकस रहे।मौके पर सीओ प्रभात भूषण सिंह,एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी गौतम कुमार स अनि अजीत कुमार ,नारायण यादव, सनातन मुर्मू ,आनंद मोहन,शैलेंद्र कुमार, प्रेम बैठा,मुकेश कुमार, बाबूलाल चातर,शिव कुमार राम, जमादार रुस्तम अली आदि शामिल हुए।

## अंबा प्रसाद ने क्षेत्रवासियों को दी शरद पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं

### शरद पूर्णिमा की रात होती है अमृत वर्षा वाली रात– अंबा प्रसाद

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


अंबा प्रसाद

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्रवासियों को शरद पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी है उन्होंने कहा कि आज देशभर में शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है। आज रात्रि के प्रहर में माता लक्ष्मी के साथ कुबेर की पूजा विधि विधान से की जाएगी। ऐसी मान्यता है कि दोनों की कृपा से जीवन में धन, सुख, समृद्धि और वैभव प्राप्त होगा। आज शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा औषधीय गुणों से युक्त होता है। आज रात खुले आसमान के नीचे खीर रखने और उसे खाने की भी परंपरा है। माना जाता है कि इसी दिन से शरद ऋतु का आगमन हो जाता है. शरद पूर्णिमा के दिन को मां लक्ष्मी का प्राकट्य दिवस भी माना जाता है. मान्यता है कि इसी दिन माता लक्ष्मी समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं. इसके अलावा शरद पूर्णिमा के दिन ही श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ महारास किया था। इसलिए इस दिन को बेहद पावन दिन माना जाता है। माता लक्ष्मी और नारायण दोनों को ही खीर अति प्रिय है, इसलिए शरद पूर्णिमा के दिन खीर का भोग भगवान को लगाया जाता है. कहा जाता है कि शरद पूर्णिमा की रात को चांद 16 कलाओं से युक्त होकर धरती पर अमृत की वर्षा करता है. ऐसे में चंद्रमा की अमृत वर्षा को प्रसाद रूप में ग्रहण करने के लिए खीर को खुले आ. समान के नीचे रखा जाता हैद्य सुबह इस खीर को पूरे श्रद्धाभाव से ग्रहण करने से अमरत्व की प्राप्ति होती है।

APEM LIVE




## भाजपाइयों ने मास्क एवं दवा का वितरण किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


मास्क वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता

हजारीबाग सांसद सह वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति अध्यक्ष जयंत सिन्हा के सौजन्य से उपलब्ध कराए गए मास्क एवं दवा किट का वितरण मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के निर्देशानुसार किया गया। मंडल महामंत्री दिनेश करमाली के नेतृत्व में बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के उरीमारी, पोटंगा, गरसुला पंचायत के विभिन्न बूथों एवं गांवों के गरीब असहाय लोगों के बीच भारतीय जनता पार्टी के पंचायत संयोजक द्वारा मुफ्त मास्क एवं दवाई का वितरण किया गया। साथ ही साथ पार्टी एवं संगठन के मजबूती पर विशेष विचार विमर्श एवं चर्चा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फुलचंद बेदिया, अकल मुंडा, तुफान करमाली, रामलाल बेदिया, दीपक करमाली, सुखु मांझी, जयपाल बेसरा, शंकर सोरेन समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रजाऐ मुस्तफा कमेटी के सदर ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल व शाल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


कंबल बाँटते कमिटी के सदस्य

राजाए मुस्तफा कमिटी डाड़ी कलाँ के सदर चेपा खुर्द निवासी मो मोजफ्फर अली ने ईद मिलादुननबी के मौके पर अपने निजी खर्च से बेसहारा, गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कंबल व शाल का वितरण किया। जिसमे मुख्य रूप से देवरिया , डाड़ी कलाँ, सिंदवारी ,चेपा खुर्द, नगड़ी एवं कनकी डाड़ी के इमामो सहित वृद्ध महिला पुरुषों को शाल व कम्बल दिया गया। कंबल व शाल वितरण के दौरान राजाए मुस्तफा कमिटी के सदर मो मोजफ्फर अली ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियती में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड में कम्बल उपलब्ध कराऊंगा।

कार्यक्रम में मो मोजफ्फर अली के अलावा राजाए मुस्तफा कमिटी के सरपरस्त मो हशमत अली, एजाज अली, इल्यास अंसारी, मो शकील, मोइन अंसारी, फयूम अंसारी आदि मौजूद थे।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी